**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**<u>11.08.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे</u>**

**<u>"आज के मुख्य समाचार"</u>**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में सांसदों के लिए नवनिर्मित फ्लैटों का किया उद्घाटन, कहा– ये एक भारत–श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण का परिचायक।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मैडिकल सुपर स्पैशियलिटी संस्थान चमियाणा में रोबोटिक सर्जरी सुविधा का किया शुभारम्भ।
- सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने संसद में उठाया हिमाचल में क्षेत्रीय संपर्क व उड़ान संचालन बढ़ाने का मामला।
- हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा ने प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर निकाली तिरंगा यात्रा।
- प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय– मौसम विभाग ने 14 अगस्त तक अलग–अलग स्थानों में भारी से बहुत भारी वर्षा की जताई संभावना।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**प्रधानमंत्री – सांसद फ्लैट**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए नवनिर्मित एक सौ 84 बहुमंज़िला फ्लैटों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी का भारत अपनी ज़िम्मेदारियों के प्रति संवेदनशील है और विकास के लिए आकांक्षी है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद अब तक सांसदों के लिए लगभग 3 सौ 50 नए फ्लैटों का निर्माण किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विभिन्न राज्यों के सांसद इन आवासों में एक साथ रहते हैं। यह एक भारत–श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण का परिचायक है।

***<u>आज मेरा आपसे कुछ आग्रह भी हैं। यहाँ देश के अलग-अलग राज्यों और क्षेत्रों के सांसद एक साथ रहेंगे। आपकी उपस्थिति यहाँ ‘एक भारत, श्रेष्ठ भारत’ का प्रतीक बनेगी। हर प्रांत के पर्व त्योहारों का समय-समय पर सामूहिक आयोजन होगा, तो इस परिसर को चार चांद लग जाएंगे।</u>***

प्रधानमंत्री ने कहा कि सांसदों के लिए पर्याप्त आवास की कमी सरकारी खर्च में वृद्धि का कारण भी है। उन्होंने कहा कि सांसदों को अपने पुराने आवासों की खराब स्थिति के कारण बार–बार कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से भेंट की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान राज्यपाल ने जगत प्रकाश नड्डा से हिमाचल में आई प्राकृतिक आपदा के संबंध में चर्चा की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री के साथ हिमाचल में विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों और राज्य के कल्याण को लेकर भी विचार विमर्श किया।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला के चमियाणा स्थित अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मैडिकल सुपर स्पैशियलिटी संस्थान में रोबोटिक सर्जरी सुविधा का शुभारम्भ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इस अत्याधुनिक तकनीक के उपयोग से किए गए पहले ऑप्रेशन का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में जल्द ही एक उच्च तकनीक युक्त एम.आर.आई. मशीन भी स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने चमियाणा में एक आंतरिक स्वचालित प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए 23 करोड़ रूपए प्रदान करने की घोषणा भी की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में आधुनिक स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकी में 3 हज़ार करोड़ रूपए से अधिक का निवेश कर पुरानी मशीनों को बदल रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही चरणबद्ध तरीके से आई.जी.एम.सी. शिमला, नेरचौक, टांडा और हमीरपुर चिकित्सा महाविद्यालय में भी रोबोटिक सर्जरी सेवाएं आरंभ की जाएंगी।

***रोबोटिक सर्विस का फायदा गांव के किस को होगा आम परिवार के लोगों को होगा और एम्स की स्तर की मेडिकल टेक्नोलॉजी सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल टांडा में आईजीएमसी में और चमियाना में और नियर चौक में हमीरपुर में हम देने जा रहे हैं 2030 तक 3000 करोड़ रूपया मेडिकल टेक्नोलॉजी पर खर्च किया जाएगा।***

सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने चमियाणा अस्पताल में एक पेपरलैस लैब का शुभारम्भ भी किया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**सिकंदर कुमार**

केन्द्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया है कि सरकार ने हाल ही में हिमाचल सहित देशभर में एक सौ 20 नए गंतव्यों तक क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने और अगले 10 वर्षों में 4 करोड़ यात्रियों को सेवा प्रदान करने के लिए संशोधित उड़ान योजना की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि ये योजना पहाड़ी, आकांक्षी और पुर्वोत्तर क्षेत्र के ज़िलों में हैलीपैड और छोटे हवाई अड्डों को भी सहायता प्रदान करेगी। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा संसद में इस संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि क्षेत्रीय संपर्क योजना **उड़े देश का आम नागरिक** के तहत हिमाचल में शिमला, कुल्लू, रामपुर और मण्डी में चार हवाई अड्डों व हैलीपोर्टों को जोड़ने वाले 32 आर.सी.एस. मार्ग कार्यशील किए जा चुके हैं। इससे पहले डॉक्टर सिकंदर कुमार ने सदन में हिमाचल प्रदेश में क्षेत्रीय संपर्क और राज्य में उड़ान संचालन बढ़ाने का मामला उठाया।

**हर घर तिरंगा–फिल्म महोत्सव**

केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्रालय और राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम द्वारा आयोजित देशभक्ति फिल्म महोत्सव आज से नई दिल्ली में शुरू हो गया है। यह महोत्सव स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 13 अगस्त तक सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। तीन दिवसीय महोत्सव का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को जगाना है।

इधर, प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 15 अगस्त तक अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज भाजपा ने मण्डी ज़िले के नेरचौक, कोटली मण्डल, सरोआ और सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा वितरण व तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान सभी बूथ अध्यक्षों को राष्ट्रीय ध्वज भी वितरित किए गए। इसी तरह हमीरपुर में भी भारतीय जनता पार्टी शहरी मण्डल द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। वहीं, घुमारवीं भाजपा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज तिरंगा यात्रा निकाली गई। उधर, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के देहरा परिसर में भी हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है और राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा हो रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश में 14 अगस्त तक अलग–अलग स्थानों में भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना है।

***11 अगस्त से 15 अगस्त तक पूरे प्रदेश में ही बारिश होने की संभावना है। डिस्ट्रिक चंबा, कांगड़ा,मंडी, सिरमौर,इन चार डिस्ट्रिक्ट के लिए आज ऑरेंज अलर्ट है वैरी हेवी रेनफॉल का। इसके उपरांत 12 अगस्त को संभावना यह है कि कांगड़ा मंडी सिरमौर में हैवी टू हैवी रेनफॉल हो सकती है इसके बाद 13 और 14 अगस्त को डिस्ट्रिक्ट कुल्लू,मंडी, सोलन, शिमला, सिरमौर यहां भी हैवी टू हैवी रेनफॉल होने का ऑरेंज अलर्ट है। ओवरऑल जो वैदर है 13 से 15 अगस्त तक पूरे प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहेगा। इस महीने की बात करें तो पूरे प्रदेश में एक्चुअल बारिश से 16 परसेंट अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है।***

राज्य आपदा परिचालन केन्द्र की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में भारी वर्षा व भूस्खलन के कारण एक राष्ट्रीय उच्च मार्ग सहित 3 सौ 15 सड़कें यातायात के लिए बाधित हैं जबकि 72 बिजली ट्रांसफार्मर और 4 सौ 91 पेयजल परियोजनाएं भी ठप्प हैं। इस मॉनसून सीज़न में वर्षाजनति घटनाओं में अब तक 2 सौ 29 लोगों की मृत्यु हो चुकी है और 36 व्यक्ति लापता हैं।

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि अलाइड साईंस के लिए अलग कॉलेज की व्यवस्था का मामला कैबिनेट में लाया जाएगा ताकि प्रदेश के बच्चों को पढ़ाई के लिए अन्य राज्यों में न जाना पड़े। आई.जी.एम.सी. शिमला में आयोजित कल्वरल कम लिटरैरी फैस्ट को संबोधित करते हुए आज उन्होंने ये बात कही। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आई.जी.एम.सी. में बी.एस.सी. मैडिकल लैब, तकनीशियन, बी.एस.सी.

रेडियोलॉजी, बी.एस.सी. एनेस्थीसिया और ओ.टी. तकनीक में प्रत्येक पाठ्यक्रम की सीटें 10 से 50 और डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद चिकित्सा महाविद्यालय टाण्डा में 18 से 50 की गई हैं। शांडिल ने युवाओं से नशे से दूर रहने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे आने का आह्वान भी किया।

**इंदु गोस्वामी**

केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश में पर्यटन ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए वर्ष 2024–25 के दौरान स्वदेश दर्शन योजना के तहत माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के विकास के लिए 56 करोड़ 26 लाख रूपए की धनराशि स्वीकृत की है। ये बात उन्होंने संसद में राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी के एक सवाल के जवाब में कही।

**"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में सांसदों के लिए नवनिर्मित फ्लैटों का किया उद्घाटन, कहा– ये एक भारत–श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण का परिचायक।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मैडिकल सुपर स्पैशियलिटी संस्थान चमियाणा में रोबोटिक सर्जरी सुविधा का किया शुभारम्भ।
- सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने संसद में उठाया हिमाचल में क्षेत्रीय संपर्क व उड़ान संचालन बढ़ाने का मामला।
- हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा ने प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर निकाली तिरंगा यात्रा।
- प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय– मौसम विभाग ने 14 अगस्त तक अलग–अलग स्थानों में भारी से बहुत भारी वर्षा की जताई संभावना।